रायपुर हवाई अड्डे पर "यात्री लांज" का विस्तार

2476. **श्री लक्खी राम अग्रवाल :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रायपुर (मध्य प्रदेश) हवाई अड्डे का "यात्री लांज" इतना छोटा है कि सभी यात्री उसमें नहीं आ सकते ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार सामान्य और विशिष्ट व्यक्तियों के लिये वहां स्थित दोनों यात्री लांज का विस्तार करने के लिये कदम उठायेगी; और

(ग) यदि हां, तो इन सभी यात्री लांज का विस्तार कब तक किये जाने की संभावना है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (ग) रायपुर हवाई अड्डे का यात्री लांज मौजूदा यातायात की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये पर्याप्त है । तथापि, बढ़ती हुई आवश्यकता को पूरा करने हेतु राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण की यात्री लांज के विस्तार की योजना है ।

Conviction of Airport Directors of Delhi, Madras, Calcutta and Bombay by CBI

2477. SHRI GOPALSINH G. SOL-ANKI: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether the present Airport Directors of Delhi, Madras, Calcutta and Bombay have been convicted by the CBI; and

(b) if so, what are the details in this regards and what action is contemplated against them?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

उत्तर प्रदेश में होटल, मोटल और यात्री निवासों का निर्माण

2478. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में केन्द्रीय सरकार द्वारा दी गई वित्तीय सहायता से निर्मित होटल, मोटल और यात्री निवासों का ब्यौरा क्या है;

(ख) 1992-93 के वर्ष के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य में कितने होटल, मोटल और यात्री निवासों का निर्माण किया गया ; और

(ग) इस संबंध में सरकार ने राज्य को केन्द्र की ओर से कितनी सहायता उपलब्ध कराई है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) केन्द्रीय सरकार राज्य सरकारों को मोटलों और यात्री निवासों के निर्माण के लिये वित्तीय सहायता देती है ।

केन्द्र सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य में मोटलों और यात्री निवासों की निम्न-लिखित परियोजनायें स्वीकृत की हैं:-

(1) पनियाबाला में मोटल का निर्माण

(2) अगारखल में मोटल का निर्माण

(3) भाटूा में मोटल का निर्माण

(4) चिनियाली में मोटल का निर्माण

(5) दमता में मोटल का निर्माण

(6) कालाडुंगी में मोटल का निर्माण

(7) मोराखान पिथौरागढ़ में मोटल का निर्माण

(8) शिकोहाबाद में मोटल का निर्माण

(9) देवस्थल में मोटल का निर्माण

(10) सकनिधर में मोटल का निर्माण